परियोजना डेटा शीट का यह हिन्दी अनुवाद इसके अंग्रेजी संस्करण दिनांक 30 जुलाई 2014 पर आधारित है।

ADB

# परियोजना डेटा शीट

परियोजना डेटा शीट (पीडीएस) में परियोजना अथवा कार्यक्रम के विषय में संक्षिप्त सूचना होती है। चूंकि पीडीएस एक प्रगति अधीन कार्य होता है, कुछ सूचनाएं इसके प्रारंभिक संस्करण में शामिल नहीं हो सकती हैं, परंतु इनके उपलब्ध होने पर शामिल कर ली जाएंगी। प्रस्तावित परियोजनाओं के बारे में सूचना अनन्तिम और संकेतात्मक है।

| | |
|---|---|
| पीडीएस सृजन तिथि | 3 अगस्त 13 |
| पीडीएस अद्यतनीकरण की तिथि | 27 मई 14 |

| | |
|---|---|
| परियोजना का नाम | रिन्यू पावर निवेश परियोजना |
| ऋणी/इक्विटी निवेश नाम | रिन्यू पावर वेन्चर्स प्रा. लि. |
| देश | भारत |
| परियोजना/कार्यक्रम संख्या | 47926-014 |
| स्थिति | अनुमोदित |
| भौगोलिक अवस्थिति | – |

इस प्रलेख में किसी कंट्री कार्यक्रम या रणनीति तैयार करने, किसी परियोजना के वित्तपोषण, अथवा किसी विशेष भूभाग अथवा भौगोलिक क्षेत्र को कोई पदनाम देने, अथवा संदर्भित करने में एशियाई विकास बैंक का आशय किसी भूभाग अथवा क्षेत्र की स्थिति के बारे में कानूनी या अन्य प्रकार से राय प्रकट करना नहीं है।

| | |
|---|---|
| क्षेत्र तथा/अथवा उपक्षेत्र वर्गीकरण | ऊर्जा<br>/ ऊर्जा |
| विषयगत वर्गीकरण | – |
| लिंग मुख्यधारा में जोड़ने वाले संवर्ग | – |
| परियोजना प्रायोजक | जीएस वाइवर्न होल्डिंग्स लिमिटेड<br>सुमन्त सिन्हा ऐण्ड कॉग्निसा इन्वेस्टमेंट्स |

## वित्तपोषण

| सहायता का प्रकार/रूपात्मकता | अनुमोदन संख्या | वित्तपोषण का स्रोत | अनुमोदित राशि (हजार) |
|---|---|---|---|
| निजी क्षेत्र | 7406 | -1<br>(कार्यान्वयन की प्रक्रिया में अग्रगामी शर्तों ) | 0 |
| योग | | | यूएस **$ 0** |

## पर्यावरण संबंधी तथा सामाजिक मुद्दों का सारांश

पर्यावरण–पहलू

यह परियोजना पर्यावरण पर प्रभावों हेतु संवर्ग ख श्रेणी में रखी गई है। उपपरियोजनाओं के संभावित पर्यावरण प्रभाव साधारणतः स्थल–विशिष्ट, प्रतिवर्तनीय तथा अधिकांशतः ऐसी निर्माण गतिविधियों से संबंधित हैं, जिनको उपशमन उपायों द्वारा शीघ्र संबोधित किया जा सकता है। इनमें विशेष रूप से स्थल तैयारी और पहुंच मार्गों के लिए भूमि साफ करना, संघटकों तथा सामग्री का परिवहन, बुनियादों की खुदाई और निर्माण तथा उपस्कर संस्थापन शामिल होते हैं। मुद्दों में संभवतः व्यवसायिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा, दृश्य घुसपैठ, शोर तथा कम्पन, मृदा अपरदन और पक्षियों तथा चमगादड़ों की आबादी को खतरा शामिल हो सकता है। सभी प्रतिकूल प्रभावों से बचने, उन्हें कम से कम रखने, उनके उपशमन और क्षतिपूर्ति के प्रभावशाली उपाय प्रारंभिक पर्यावरण जांच प्रतिवेदनों तथा पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं में शामिल किए जाएंगे। रिन्यू द्वारा एडीबी की निषिद्ध निवेश गतिविधि सूची लागू की जाएगी, निवेशों का लागू राष्ट्रीय कानूनों तथा विनियमों के अनुरूप होना सुनिश्चित किया जाएगा, एडीबी सुरक्षोपाय नीति वक्तव्य (2009) का अनुपालन किया जाएगा और एक उपयुक्त पर्यावरण एवं सामाजिक प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) स्थापित व अनुरक्षित की जाएगी।

अस्वैच्छिक पुनर्वास

भारत में पवन फार्म के लिए भूमि अधिग्रहण में साधारणतः तीन प्रकार की भूमि शामिल होगी (i) केन्द्रीय सरकार के प्रबंधनाधीन वन भूमि, (ii) राज्य सरकार के प्रबंधनाधीन राजस्व भूमि और (iii) निजी भूमि। रिन्यू अथवा इसके ठेकेदार पहले दो प्रकार की भूमि पट्टे पर लेंगे। निजी भूमि वार्तातय भूमि अधिग्रहण पर आधारित होगी। भूमि अधिग्रहण का कार्यान्वयन ईएसएमएस के मार्गदर्शन में किया जाएगा तथा नीति लागू किए जाने की स्थिति में पुनर्वास योजना तैयार की जाएगी।

स्वदेशी लोग

रिन्यू के स्वामित्वाधीन फार्म अवस्थितियों में कोई अनुसूचित जनजातियां नहीं हैं। इस परियोजना का स्वदेशी लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। स्वदेशी लोगों की छंटाई रिन्यू की ईएसएमएस में शामिल की जाएगी।

## स्टेकहोल्डर संचार, प्रतिभागिता और परामर्श

परियोजना डिजाइन के दौरान

–

परियोजना कार्यान्वयन के दौरान

–

## विवरण

—

## उद्देश्य और संभावनाएं

इस परियोजना में भारत में विभिन्न राज्यों में कम से कम 1,000 मेगावाट नवीनेय शक्ति जनन का निर्माण और प्रचालन शामिल है। कुल 1,000 मेगावाट में से 325 मेगावाट पहले ही चालू की जा चुकी है तथा अन्य 174 मेगावाट मार्च, 2014 के अंत तक चालू कर दी जाएगी। शेष क्षमता 2015 के अंत तक चालू होने की आशा है।

## परियोजना तर्काधार और कंट्री/क्षेत्रीय रणनीति के साथ संबंध

परियोजना एडीबी रणनीति 2020 के साथ सुसंगत है। यह बैंक की पांच कोर विशेषज्ञताओं में से दो नामतः अवसंरचना तथा पर्यावरण से संबंधित है। विशेषकर, रणनीति ऊर्जा की बढ़ती मांग की पूर्ति स्थायी विधि में करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास हेतु एडीबी की सहायता की मांग करती है। परियोजना का योगदान निजी सेक्टर के विकास तथा निजी सेक्टर परिचालन का स्तर ऊंचा करने के बैंक के परिचालन–उद्देश्य पूर्ति में भी होगा। निजी सेक्टर के विकास का स्तर ऊंचा करने के बैंक के परिचालन–उद्देश्य पूर्ति में भी परियोजना का योगदान होगा। यह परियोजना भारत देश भागीदारी रणनीति, 2013–2017 के अनुरूप है, जो "नवीनेय ऊर्जा विकास, विशेषतः सौर ऊर्जा के विकास में निवेश" की मांग करती है।

## विकास प्रभाव

—

## आउटपुट्स और कार्यान्वयन प्रगति

| परियोजना आउटपुट्स का वर्णन | कार्यान्वयन प्रगति की स्थिति (आउटपुट्स, गतिविधियां और मुद्दे) |
|---|---|
| पवन शक्ति परियोजनाएं विकसित और चालू की गईं | – |
| विकास उद्देश्यों की स्थिति | महत्वपूर्ण परिवर्तन |
| – | – |

## व्यवसाय के अवसर

प्रथम सूचीयन की तिथि –

परामर्शी सेवाएं

–

अधिप्राप्ति

–

प्रापण और परामर्शी सूचनाएं

http://www.adb.org/projects/47926-014/business-opportunities

## समयतालिका

| | |
|---|---|
| अवधारणा मंजूरी | 2 सितम्बर 13 |
| तथ्य–अन्वेषण | – |
| प्रबंध समीक्षा बैठक | 31 मार्च 14 |
| अनुमोदन | 16 मई 14 |
| नवीनतम समीक्षा मिशन | 28 अक्टूबर 2013 से 12 दिसम्बर 2013 तक |

## मीलपत्थर

| अनुमोदन संख्या | अनुमोदन | हस्ताक्षर | प्रभावोत्पादकता | अनुमोदन समापन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मूल | संशोधित | वास्तविक |
| – | – | – | – | – | – | – |

## सम्पर्क और अद्यतन विवरण

| | |
|---|---|
| जिम्मेदार एडीबी अधिकारी | इचिरो आओकी (iaoki@adb.org) |
| जिम्मेदार एडीबी विभाग | निजी सेक्टर परिचालन विभाग |
| जिम्मेदार एडीबी प्रभाग | अवसंरचना वित्त प्रभाग 1 |
| निष्पादक अभिकरण | – |

## सम्पर्क

| | |
|---|---|
| परियोजना वेबसाइट | http://www.adb.org/projects/47926-014/main |
| परियोजना प्रलेखों की सूची | http://www.adb.org/projects/47926-014/documents |